भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 6365

दिनांक 02 अप्रैल, 2026 को उत्तरार्थ

.....

बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम और बाढ़ पूर्वानुमान पहल

6365. सुश्री कंगना रनौतः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम और बाढ़ पूर्वानुमान पहलों के क्या परिणाम रहे हैं;

(ख) हिमाचल प्रदेश में विशिष्ट रूप से सृजित नदी बाढ़ सुरक्षा, कटाव नियंत्रण और पूर्वानुमान अवसंरचना का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) बाढ़ और भूस्खलन संभावित पहाड़ी क्षेत्रों में पूर्व चेतावनी प्रणाली और आपदा की तैयारी को सुदृढ़ करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क) से (ग): बाढ़ प्रबंधन और कटाव रोधी योजनाएँ संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अपनी प्राथमिकता के अनुसार तैयार और कार्यान्वित की जाती हैं। केंद्र सरकार, 'बाढ़ प्रबंधन और सीमावर्ती क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी)' नामक केंद्रीय प्रायोजित योजना के माध्यम से, गंभीर क्षेत्रों में बाढ़ प्रबंधन के लिए तकनीकी मार्गदर्शन और प्रोत्साहन संबंधी वित्तीय सहायता भी प्रदान करके राज्यों के प्रयासों में समर्थन करती है। मार्च 2025 तक एफएमबीएपी योजना के अंतर्गत विभिन्न राज्यों को कुल 8725.16 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता जारी की गई है, जिसमें हिमाचल प्रदेश के लिए 862.74 करोड़ रुपए शामिल हैं। विगत 5 वर्षों (2021-26) के दौरान, एफएमबीएपी के अंतर्गत जारी की गई कुल केंद्रीय सहायता 1566.93 करोड़ रुपए है, जिसमें हिमाचल प्रदेश के लिए 49.04 करोड़ रुपए शामिल हैं।

एफएमबीएपी के बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम (एफएमपी) घटक के अंतर्गत विभिन्न राज्यों में कुल 431 बाढ़ प्रबंधन परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जिनसे लगभग 5.13 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र को बाढ़ से सुरक्षा मिली है और लगभग 54.84 मिलियन आबादी को बाढ़ से बचाया गया

है। हिमाचल प्रदेश में एफएमबीएपी के अंतर्गत केंद्र सरकार की सहायता से छह बाढ़ प्रबंधन परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जिनका ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) राज्य सरकारों/परियोजना प्राधिकरणों के परामर्श से देशभर में 350 बाढ़ पूर्वानुमान केंद्रों (150 अंतर्वाह पूर्वानुमान केंद्र + 200 जलस्तर पूर्वानुमान केंद्र) का एक नेटवर्क संचालित करता है। विगत 5 वर्षों में, देशभर में 22 बाढ़ पूर्वानुमान केंद्र खोले गए हैं। हिमाचल प्रदेश में 26 जल विज्ञान केंद्र और सिरमौर जिले में यमुना नदी पर स्थित पौंटा साहिब में एक जलस्तर बाढ़ पूर्वानुमान केंद्र है। सीडब्ल्यूसी ने वर्षा-अपवाह गणितीय मॉडलिंग पर आधारित बेसिन-वार बाढ़ पूर्वानुमान मॉडल विकसित किया है, जो सभी पूर्वानुमान केंद्रों के लिए 7 दिन पहले बाढ़ पूर्वानुमान एडवाईज़री के साथ-साथ 24 घंटे तक की अग्रिम अवधि के अल्पकालिक बाढ़ पूर्वानुमान भी प्रदान करता है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बाढ़ और भूस्खलन सहित विभिन्न आपदाओं से संबंधित चेतावनियों के प्रसार के लिए "कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (सीएपी)" पर आधारित एकीकृत चेतावनी प्रणाली लागू की है। एनडीएमए ने राष्ट्रीय भूस्खलन जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम (एनएलआरएमपी) भी लागू किया है, जिसमें हिमाचल प्रदेश सहित 15 भूस्खलन प्रवण राज्यों में सेंसर-आधारित प्रणालियों की तैनाती, रियल टाइम में जोखिम मूल्यांकन और एकीकृत संचार प्लेटफार्मों के माध्यम से चेतावनी का प्रभावी प्रसार शामिल है।

***

अनुलग्नक

"बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम और बाढ़ पूर्वानुमान पहल" के संबंध में दिनांक 02.04.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न संख्या 6365 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

ग्यारहवीं योजना के उपरांत एफएमएमबीएपी के अंतर्गत केंद्र की सहायता से हिमाचल प्रदेश में पूर्ण की गई बाढ़ प्रबंधन परियोजनाओं की संख्या

क्र. सं.	परियोजना का नाम	जिला	नदी	लाभान्वित क्षेत्र (हेक्टेयर)	लाभान्वित जनसंख्या
1	तहसील पोंटा में आरडी 10230 से आरडी 19700 मीटर तक बाटा नदी का चैनलाइजेशन	सिरमौर	बाटा	1537.81	17000
2	स्वान नदी बाढ़ प्रबंधन और एकीकृत भूमि विकास परियोजना (चरण- II)	ऊना	स्वान	5000	9000
3	सरकाघाट तहसील के सयाथी अवल से कैसवाई धर्मपुर तक सोन खड्ड में बाढ़ सुरक्षा कार्य	मंडी	ब्यास	56.00	1030
4	सीर खड्ड का स्थिरीकरण और घुमारवीं तहसील में जाहू से बम तक बाढ़ नियंत्रण कार्य	बिलासपुर	सीर खंड	120.00	5370
5	तहसील-पांवटा साहिब में बाटा नदी चरण-I (संकर) की सहायक नदियों का चैनलाइजेशन	सिरमौर	बाटा	584.60	7460
6	दौलतपुर से मुख्य स्वान नदी में गार्गेल पुल तक और दौलतपुर से संतोखगढ़ पुल तक मुख्य स्वान नदी को जोड़ने वाली सभी सहायक नदियों में हंस नदी बाढ़ प्रबंधन परियोजना	ऊना	स्वान	7163.49	235834

*****